web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 30 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 62

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंजाब में मचा हड़कंप, स्टेशन के पास मिले 10 राकेट लांचर बम

**गुरदासपुर (आरएनएस)।** पंजाब के गुरदासपुर में उस समय अफरातफरी मच गई जब गुरदासपुर रेलवे स्टेशन के पास से 10 राकेट लांचर बरामद किए गए। जिसके बाद पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने सभी राकेट लांचर को डिस्पोज किया। सूचना मिलते ही थाना सिटी गुरदासपुर के डीएसपी मोहन सिंह और जीआरपी के डीएसपी बिक्रमजीत सिंह मौके पर पहुंचे। मौके पर बम डिस्पोजल टीम को भी अमृतसर से बुलाया गया। कुछ समय के बाद रेलवे पुलिस ने बम स्क्वायड टीम की सहायता से राकेट लांचर के बम को डिस्पोज कर दिया। जीआरपी के डीएसपी बिक्रमजीत सिंह ने बताया कि सभी बम जंग लगी हालत में पाए गए हैं। सभी पूरी तरह से मिट्टी से सने हुए थे। जिससे जाहिर होता है कि ये काफी पुराने है। अमृतसर से बम डिस्पोजल टीम और बस स्क्वायड टीमों ने सभी बमों को डिस्पोज कर दिया है। इसके साथ आपकों ये भी बता दें कि रेलवे के नवीनीकरण का काम चल रहा है। इस दौरान जेसीबी की सहायता से पंछी कालोनी में पड़ती रेलवे की जमीन पर खुदाई की जा रही थी कि जमीन में दबे हुए यह बम नजर आए।

### सैलरी नहीं बढ़ी तो कर्मचारी ने कर दिया बड़ा कांड, 18 लाख का नुकसान; सीसीटीवी में घटना कैद

**बैतूल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के बैतूल में एक हैरान कर देने वाली घटना में, एक शॉपिंग मॉल के कर्मचारी ने सैलरी न बढ़ने पर मॉल में तोडफ़ोड़ कर लाखों का नुकसान पहुंचाया है। सीसीटीवी फुटेज में कर्मचारी को स्टील के कड़े से 11 एलईडी टीवी और 71 रेफ्रिजरेटर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करते हुए साफ देखा जा सकता है। बैतूल के गुप्ता मॉल में हुई इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। मॉल के मैनेजर के अनुसार, कर्मचारी कमल पवार ने दीपावली से पहले सैलरी बढ़ाने की मांग की थी, जिसे ठुकरा दिया गया था। गुस्से में आकर उसने मॉल में पहुंचकर ये हरकत की। पुलिस ने कमल पवार को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मानसिक रूप से बीमार होने का हवाला देते हुए उसे जमानत मिल गई है। मॉल मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मॉल मालिक संजय गुप्ता ने बताया, यह कर्मचारी काफी दिनों से हमारे यहां काम कर रहा था। हमने कभी उससे ऐसा व्यवहार नहीं किया। सैलरी बढ़ाने की उसकी मांग को ठुकराने पर उसने यह कृत्य किया है। कोतवाली थाना प्रभारी रविकांत डहेरिया ने बताया, मॉल में कर्मचारी ने दुकान में तोडफ़ोड़ की है। मॉल मालिक की शिकायत पर आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### संभल हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संभल में पिछले दिनों हुई हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्य के गृह विभाग के आदेश के अनुसार, हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यी समिति को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। समिति के दो अन्य सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद और पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन हैं। समिति को दो महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है। समिति के गठन का आदेश उत्तर प्रदेश के गृह विभाग द्वारा गुरुवार को जारी किया गया। इसमें कहा गया है, ज्माननीय न्यायालय द्वारा जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद में आदेशित सर्वे के दौरान दिनांक 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसक घटना, कोई पूर्व नियोजित षड्यंत्र थी अथवा एक सामान्य आपराधिक वारदात, जिसके कारण तमाम पुलिस कर्मी चोटिल हुए, चार व्यक्तियों की मौत हुई एवं संपत्ति का भी नुकसान हुआ, की जनहित में जांच आवश्यक है।

## बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलटी बस, 9 की मौत

**गोंदिया । आरएनएस**

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को एक भीषण बस दुर्घटना में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा गोंदिया-कोहमारा राज्य राजमार्ग पर खजरी गांव के पास हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य सडक़ परिवहन निगम की एक बस भंडारा से साकोली लखानी होते हुए गोंदिया जा रही थी। एक बाइक को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कई यात्री बस के नीचे दब गए। इस घटना के दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई।

इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पीड़ित परिवारों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। पुलिस के अनुसार, बस चालक ने एक बाइक को बचाने के लिए अचानक मोड़ लिया जिसके कारण बस अनियंत्रित हो गई और पलट गई। बस में करीब 35 यात्री सवार थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटनाग्रस्त बस को हटाने के लिए क्रेन की मदद ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फरार बस चालक को पकडऩे के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। यह दुर्घटना एक बार फिर सडक़ सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।



### पीएम मोदी ने जताया दुख, आर्थिक मदद का किया ऐलान

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को हुए सडक़ हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। साथ ही उन्होंने हादसे में जान गंवाने वालों और घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की है। पीएम मोदी ने बताया कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की हरसंभव सहायता कर रहा है।

पीएम मोदी के कार्यालय ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को पोस्ट किया, महाराष्ट्र के गोंदिया में बस दुर्घटना में लोगों की मृत्यु से व्यथित हूं। उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजन को खो दिया। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।

पोस्ट में आगे बताया गया, हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

इससे पहले महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे पर दुख जताया और पीड़ितों को 10 लाख रुपये की तत्काल सहायता देने की घोषणा की।

गोंदिया सडक़ हादसे पर प्रदेश के कार्यवाहक डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि गोंदिया जिले में सडक़ अर्जुनी के पास एक शिवशाही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और कुछ यात्रियों की मृत्यु हो गई। मैं दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवार का दुख साझा करते हैं। इस घटना में घायल हुए लोगों का अगर किसी निजी अस्पताल में इलाज कराना भी पड़े तो उन्हें तुरंत ऐसा करने का निर्देश दिया गया है। मैंने गोंदिया के कलेक्टर से भी कहा है कि यदि आवश्यकता हो तो उन्हें नागपुर स्थानांतरित करने की व्यवस्था करें। मैं ईश्वर से इस घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### सीधा नहर में जा गिरी अनियंत्रित एसयूवी, शादी में जा रहे एक ही परिवार के 4 लोगों की दर्दनाक मौत; 3 की हालत गंभीर



**पटना (आरएनएस)।** बिहार के अरवल जिले में एक दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ, जिसमें एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना जिले के टाउन थाना क्षेत्र के अंतर्गत परसादी इंग्लिश गांव के पास शाम करीब 7.30 बजे हुई। टाउन थाना के एसएचओ अली साबरी ने बताया कि पीड़ित जिले के कलेर थाना के अंतर्गत कामता गांव के निवासी हैं। वे एक महिंद्रा स्कॉर्पियो एसयूवी में सवार होकर पटना में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। साबरी ने बताया, दुर्घटना उस समय हुई जब तेज गति से जा रही गाड़ी एक छोटे स्पीड ब्रेकर से टकरा गई। चालक ने एसयूवी पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे एसयूवी फिसल गया और सडक़ के पास सोन नहर में जा गिरा। साबरी ने बताया कि एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सौभाग्य से, तीन लोग गंभीर चोटों के बावजूद बच गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सडक़ दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान परमानंद कुमार (30), प्रियंका कुमारी (28), परमानंद कुमार की पत्नी सोनी कुमारी (22) और परमानंद और सोनी कुमारी की एक साल की बेटी तन्नु कुमारी के रूप में हुई है। सभी कामता गांव के रहने वाले हैं। घायलों की पहचान नमनीत कुमार (20), सविता देवी (30) और वैजंती देवी (45) के रूप में हुई है। साबरी ने कहा, हमने परिवार के सदस्यों को दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया है। शवों को नहर से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों का फिलहाल सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## देश में हाइड्रोजन ट्रेन चलाने की तैयारी

**नई दिल्ली । आरएनएस**

भारतीय रेलवे ने हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन लॉन्च करने की तैयारी में है। यह अत्याधुनिक ट्रेन हरियाणा के जींद और सोनीपत रेलवे स्टेशनों के बीच जल्द ही ट्रायल रन के लिए दौड़ेगी। इस हाइड्रोजन ट्रेन का डिजाइन रेलवे की शोध, डिजाइन और मानक संगठन (क्रष्ठस्ह्र) द्वारा विकसित किया गया है। डिजाइन को दिसंबर 2021 में अंतिम रूप दिया गया था। इस ट्रेन का अंतिम ट्रायल अगले साल की पहली तिमाही में होने की संभावना है।

एक की रिपोर्ट के मुताबिक, आरडीएसओ के महानिदेशक उदय बोरवंकर ने कहा, आरडीएसओ लगातार नए और अभिनव प्रोजेक्ट्स पर ध्यान केंद्रित करता है। हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग सडक़ परिवहन में सफल रहा है। रेलवे में अभी तक इसका व्यापक उपयोग नहीं हो सका है। भारत का यह प्रयास टिकाऊ ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि होगी।

इस ट्रेन में 8 यात्री डिब्बे होंगे, जिनमें एक बार में 2,638 यात्री यात्रा कर सकेंगे। ट्रेन की अधिकतम गति 110 किमी/घंटा होगी। इसमें तीन डिब्बे हाइड्रोजन सिलेंडरों, ईंधन सेल कन्वर्टर्स, बैटरियों और एयर रिज़र्व के लिए होंगे। यह ट्रेन विशेष रूप से कम दूरी के सफर के लिए उपयुक्त मानी जा रही है। वर्तमान में चेन्नई के इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ढ्ढष्टस्न) में ट्रेन का इंटीग्रेशन कार्य प्रगति पर है।

हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के ईंधन सेल से उत्पन्न बिजली का उपयोग मोटर चलाने के लिए करती हैं। जर्मनी और चीन जैसे देशों ने रेल परिवहन में हाइड्रोजन ईंधन पर काम किया है, लेकिन अब तक केवल जर्मनी में एक सफल हाइड्रोजन ट्रेन परिचालित हो रही है। वहां ट्रेन में सिर्फ दो कोच हैं। भारत की यह हाइड्रोजन ट्रेन न केवल तकनीकी दृष्टि से बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इसका लक्ष्य ग्रीन एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देना है।


## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षा बलों ने दो आईईडी और विस्फोटक सामग्री की बरामद

**पुंछ । आरएनएस**

सुरक्षा बलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में तलाशी अभियान के दौरान दो आईईडी और विस्फोटक सामग्री समेत संदिग्ध सामान बरामद किया।

अधिकारियों के अनुसार मेंढर तहसील के छाजला पुल के नीचे एक संदिग्ध वस्तु देखे जाने की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र को तुरंत घेर लिया गया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया।

तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को दो आईईडी, एक किलोग्राम से अधिक वजन का आरडीएक्स जैसा विस्फोटक पदार्थ, एक बैटरी, दो कंबल और कुछ खाने-पीने की चीजें मिली है। पूरे इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं पुंछ मेंढर मार्ग को बंद कर दिया गया है।



सुरक्षा बलों ने इस बरामदगी को एक बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि यह आतंकियों द्वारा संभावित हमले की योजना का हिस्सा हो सकती है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में जुड़े लोगों की पहचान करने और उनके इरादों का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रही हैं।

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के डोडा और उधमपुर जिलों में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की कथित साजिश रच रहे दो आतंकवादियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया।

आरोपी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से कथित तौर पर सीमा पार आतंकी आकाओं के संपर्क में था। उसके कब्जे से दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच कई मुठभेड़ हुई, जिनमें कई आतंकवादी और उनके कमांडर मारे गए। वहीं कुछ सुरक्षा बलों के जवान भी शहीद हुए।

जम्मू में अत्यधिक प्रशिक्षित आतंकवादी वाहनों पर घात लगाकर हमला कर रहे हैं और ग्रेनेड और गोलियों के साथ-साथ एम4 असॉल्ट राइफलों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में कश्मीर घाटी को जम्मू से विभाजित करने वाले पीर पंजाल क्षेत्र में आतंकवाद में बढ़ोतरी को देखा गया है। कश्मीर में लगातार आतंकवाद विरोधी अभियानों ने आतंकवादियों को पहाड़ों और उन क्षेत्रों में धकेल दिया है, जो आतंकवाद से मुक्त थे और जहां वे छिपते हैं।

## भारतीय नौसेना की बड़ी कार्यवाई, अरब सागर में जब्त की 500 किमी ड्रग्स

**नई दिल्ली । आरएनएस**



भारतीय नौसेना ने नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप जब्त की है। इस कार्रवाई को नौसेना ने समुद्र में अंजाम दिया। इसके तहत लगभग 500 किलोग्राम नशीले पदार्थों (क्रिस्टल मेथ) की जब्ती हुई। भारतीय नौसेना ने श्रीलंकाई झंडे वाले वाले जहाजों को घेर कर यह कार्रवाई की। इस कार्रवाई में श्रीलंकाई नौसेना ने भी भारतीय नेवी का साथ दिया।

इस संदर्भ में रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि श्रीलंकाई नौसेना ने जानकारी दी थी कि श्रीलंका झंडे वाले मछली पकडऩे वाले जहाजों द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है। इस जानकारी पर भारतीय नौसेना ने तेजी से प्रतिक्रिया की। श्रीलंकाई नौसेना से प्राप्त जानकारी के आधार पर, भारतीय नौसेना ने नावों को स्थानीयकृत करने और रोकने के लिए एक समन्वित अभियान प्रारंभ किया।

सूचना संलयन केंद्र (हिंद महासागर क्षेत्र), गुरुग्राम से मिले इनपुट के आधार पर भारतीय नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान और दूर से संचालित विमान द्वारा निगरानी शुरू की। अपने प्रयासों को बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना के एक जहाज को भी तैनात किया गया। श्रीलंकाई नौसेना के इनपुट और भारतीय नौसेना के विमान द्वारा हवाई निगरानी के आधार पर दो नावों की पहचान की गई।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दो नावों की पहचान के बाद जहाज और विमान के एक समन्वित ऑपरेशन में, दोनों नावों को जहाज की बोर्डिंग टीम द्वारा घेर लिया गया। तलाशी के दौरान लगभग 500 किलोग्राम नशीले पदार्थों (क्रिस्टल मेथ) की जब्ती हुई।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मादक द्रव्य विरोधी अभियानों के संचालन के लिए बलों को बढ़ाया गया था। इसके लिए एक अतिरिक्त नेवी जहाज को भी काम सौंपा गया था। पकड़े गए चालक दल और जब्त किए गए नशीले पदार्थों सहित दोनों नौकाओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंपा जा रहा है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह ऑपरेशन दोनों देशों और नौसेनाओं के बीच विकसित घनिष्ठ साझेदारी और संबंधों की पुष्टि करता है। यह क्षेत्रीय समुद्री चुनौतियों से निपटने और हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोनों नौसेनाओं के संयुक्त संकल्प का भी प्रतीक है।

## बिरसा मुंडा के वशंज मंगल मुंडा का निधन, पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक

**नई दिल्ली । आरएनएस**

आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा का शुक्रवार को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) में रात करीब साढ़े 12 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह एक सडक़ दुर्घटना में घायल हो गए थे।

मंगल मुंडा के निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे।

बिरसा मुंडा के अनुयायी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, रिम्स में इलाजरत भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन की खबर से अत्यंत दुखी हूं। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मंगल मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने रिम्स गए थे।

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगल मुंडा को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा का असामयिक निधन अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : लॉरेंस बिश्नोई ने शूटर को जेल से बाहर निकालने और विदेश भेजने का दिया था भरोसा

**मुंबई । आरएनएस**

एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में नया मोड़ आया है। एनसीपी नेता की हत्या में शामिल एक आरोपी ने यह स्वीकार कर लिया है कि जब बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची जा रही थी, तब उसने गुजरात की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी। मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने क्राइम ब्रांच के अधिकारियों को यह जानकारी दी।

गौतम ने अधिकारियों को बताया कि हत्या की योजना बनाने के दौरान उसने लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी, जो गुजरात की जेल में बंद है। शूटर ने बताया कि इस दौरान लॉरेंस बिश्नोई ने शूटर को हत्या के बाद पुलिस से डरने की जरूरत नहीं होने का आश्वासन दिया था। बिश्नोई ने गौतम से कहा था कि अगर वह पकड़ा जाता है, तो भी वह घबराए नहीं, उसे जेल से कुछ ही दिनों में बाहर निकाल लिया जाएगा।

शूटर गौतम ने आगे बताया कि बिश्नोई ने हत्या के लिए उसे 12 लाख रुपये देने का वादा किया था। इसके अलावा, उसे जेल से बाहर आने के बाद विदेश भेजने की व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया था। गौतम की मानें तो लॉरेंस बिश्नोई ने उसे यह भी बताया कि उसके पास वकीलों की एक टीम है, जो उसकी गिरफ्तारी के बाद कुछ ही दिनों में रिहा करवा सकती है।

यह पहली बार है जब लॉरेंस बिश्नोई का नाम बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में सामने आया है। इससे पहले इस मामले में बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई का नाम भी सामने आ चुका था। अनमोल का नाम हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में जांच में आया था, लेकिन अब लॉरेंस बिश्नोई का नाम भी इस मामले में जुडऩे से पुलिस जांच में नया मोड़ आ गया है। बता दें कि एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा में उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## पोर्नोग्राफी नेटवर्क मामले में राज कुंद्रा के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**मुंबई । आरएनएस**

बॉलीवुड प्रोड्यूसर राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड डाली। मामला पोर्नोग्राफी से जुड़ा बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से सांताक्रूज स्थित शिल्पा शेट्टी के घर पर भी जांच शुरू कर दी है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के पति और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री हैं।

ईडी की इस छापेमारी का संबंध राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों द्वारा संचालित कथित पोर्नोग्राफी नेटवर्क और चैनलों से है, जो सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर



कथित रूप से अवैध रूप से अश्लील सामग्री फैलाने के आरोपों से जुड़ा हुआ है। ईडी के अधिकारियों ने कुंद्रा और उनके साथियों के ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है, ताकि इस अपराध के सभी पहलुओं की गहरी जांच की जा सके।

राज कुंद्रा का नाम पहले भी पोर्नोग्राफी के मामले में चर्चा में आ चुका है। इस मामले में मुंबई पुलिस उन्हें गिरफ्तार तक कर चुकी थी, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। इस मामले में शिल्पा शेट्टी का नाम भी सामने आया था, हालांकि अब तक उन्हें इस मामले में किसी भी प्रकार की संलिप्तता के लिए आरोपी नहीं ठहराया गया था।

राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों के खिलाफ पोर्नोग्राफी मामले में ईडी की इस छापेमारी से एक बार फिर बॉलीवुड जगत में हलचल मच गई है। आशंका जताई जा रही है कि इस मामले में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। फिलहाल, ईडी की टीम सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर रही है।

आपको बताते चलें, फरवरी 2021 में मुंबई पुलिस ने एक पॉर्न रैकेट का भंडाफोड़ किया था। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने फरवरी में अश्लील फिल्में बनाने और उन्हें अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद से पुलिस एक्टिव हो गई थी और अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इस दौरान पुलिस के हत्थे चार लोग चढ़े। इनसे पूछताछ हुई तो राज कुंद्रा का नाम सामने आया। इसी के आधार पर राज कुंद्रा को गिरफ्तार किया गया। राज कुंद्रा पर मॉडल पूनम पांडे, अभिनेत्री और मॉडल शर्लिन चोपड़ा, अभिनेत्री सागरिका शोना सुमन ने भी कई गंभीर आरोप लगाए थे।।

पोर्नोग्राफी मामले में जेल में समय बिता चुके राज कुंद्रा ने वहां से रिहाई के बाद बतौर अभिनेता एक फिल्म में काम भी किया, जिसका नाम था यूटी 69। यह फिल्म उनकी 63 दिनों की आर्थर जेल में बिताए पलों पर आधारित थी। यानी यह फिल्म राज कुंद्रा के एडल्ट फिल्म स्कैंडल पर हुई गिरफ्तारी पर आधारित थी।

2009 में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने शादी की थी और अब उनकी शादी को 15 साल का समय बीत चुका है। दोनों के दो बच्चे हैं, एक बेटी समीशा शेट्टी कुंद्रा और एक बेटा विआन राज कुंद्रा।